

छोटी बावरचिन

Author: Linda Nabasa
Illustrator: Raymond Diby
Translator: Arvind Gupta

storyweaver Community

पठन स्तर २



कासिनी आठ साल
की है। उसे खाना बनाना
बेहद पसंद है।

वो हर सुबह स्कूल की बस
में एक कुक-बुक पढ़ती है
और सोने से पहले भी।



कोई भी उसके रहस्य को नहीं जानता है, कि वो हर रात लकड़ी की एक करछी के साथ सोती है।
जब वो सोती है, तो वो सपना देखती है कि वो बावरची की एक टोपी पहने हुए है और मुस्कुराते हुए अपनी करछी को हवा में लहरा रही है।



कासिनी खाना बनाते हुए गाती है।
वो गाजरों के लिए गीत गाती है और आटे के साथ नाचती है।



वह खीरा काटती है और
उसकी दो चकत्तियों
को अपनी आँखों के ऊपर
चिपकाती है।

वो ऊपर-नीचे कूदती है,
और सॉसपैन को जोर से
पीटती है।



"वापस काम करो," करछी उसे डांटती है।

"खाना बनाना मेरे लिए कोई उबाऊ चीज़ नहीं है। उसमें मुझे मज़ा आता है," कासिनी हंसते हुए कहती है।

करछी उसे बताती है कि क्या सूप में और नमक पड़ेगा या चिकन को और गर्म करने की जरूरत है या फ़िर "उगली" खाने के लिए कब तैयार होगी।




कभी-कभी कासिनी,
करछी की बात बिल्कुल
नहीं सुनती है।

"मैं सूप अपनी हथेली
पर रखकर चखूँगी,"
वो कहती हैं।



"चिकन का स्वाद चखने के लिए मैं उसे अपने मुंह में रखूँगी," वो फैसला करती है।

करछी हँसती है, कासिनी अभी युवा है और वो पुरानी है। करछी घर के बाकी सभी बर्तनों से भी पुरानी है, कासिनी के बड़े भाई से भी। वो इतनी पुरानी है कि उसे सभी स्वादिष्ट व्यंजनों की रेसेपी मुँह ज़ुबानी याद हैं।



कासिनी सूप में और
ज़्यादा नमक, काली
मिर्च व गरम मसाला
डालती है। वो जानती है
कि वो गलत कर रही है
लेकिन वो बहुत जिद्दी है।



करछी को अपना अपमान पसंद नहीं आता है।
वो गुस्से में अपने रंग को भूरे से लाल रंग में बदलती है,
जिससे कासिनी को यह पता चले कि वो गुस्सा है।



"करछी के बिना सूप जल जाएगा!" कासिनी दुखी होती है.



वो करछी के लिए गीत गाती है, लेकिन करछी पर उसका कोई असर नहीं होता है।
"मुझे माफ़ करो," अंत में कासिनी कहती है।
फिर कुछ देर में करछी भूरे रंग हो जाती है और कासिनी खुशी से उसे अपने गले लगा लेती है।



"अब मैं मम्मी को अपने द्वारा बनाया भोजन परोस सकती हूं," कासिनी बड़े जोश से कहती है।

"जो भोजन हमने बनाया है," वो हंसते हुए कहती है और फिर करछी को वापिस रख देती है।

Story Attribution:

This story: छोटी बावरचिन is translated by Arvind Gupta . The © for this translation lies with Arvind Gupta, 2020. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Based on Original story: 'Miss Tiny Chef', by Linda Nabasa . © Book Dash , 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Images Attributions:

Cover page: A girl with wooden ladle, by Raymond Diby © Book Dash, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 2: A girl reading a book in a bus, by Raymond Diby © Book Dash, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 3: A girl sleeping with a wooden ladle, by Raymond Diby © Book Dash, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 4: A girl dancing in the kitchen, by Raymond Diby © Book Dash, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 5: A girl covering her eyes with slices of cucumber, by Raymond Diby © Book Dash, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 6: A girl cooking in the kitchen, by Raymond Diby © Book Dash, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 7: A girl tasting a bit of soup, by Raymond Diby © Book Dash, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 8: A girl having a bite of a chicken piece, by Raymond Diby © Book Dash, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 9: Adding salt to soup while cooking, by Raymond Diby © Book Dash, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 10: A chef cooking in the kitchen, by Raymond Diby © Book Dash, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Images Attributions:

Page 11: An angry, red, hot wooden ladle, by Raymond Diby © Book Dash, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 12: Girl holding a ladle lovingly, by Raymond Diby © Book Dash, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 13: Chef presenting a bowl of soup, by Raymond Diby © Book Dash, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 14: Kitchen appliances and food, by Raymond Diby © Book Dash, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

छोटी बावरचिन

(Hindi)

छोटी बावरचिन सिर्फ़ आठ साल की है. उसे वो काम करना पसंद हैं जो अन्य लड़कियां नहीं करती हैं. उसकी एक साथी है - एक बोलने वाली करछी जिसे सभी स्वादिष्ट रेसेपी रटी हुई हैं. उसकी मदद से कासिनी अपनी मां के लिए लज़ीज़ खाना बनाती है.

This is a Level 2 book for children who recognize familiar words and can read new words with help.